दिलीप ट्रॉफी के फाइनल में ईस्ट जोन

कप्तान ईशान किशन ने डटकर संभाला मोर्चा



बेंगलुरु, 1 सितंबर (एजेंसी). ईस्ट जोन ने दिलीप ट्रॉफी 2026 के फाइनल में एंट्री कर ली है. ईस्ट जोन ने मंगलवार को सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन को चार विकेट से धूल चटाई.

यह मैच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड-1 में आयोजित हुआ. सेंट्रल जोन ने 159 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे ईस्ट जोन ने 39.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर चेज किया. लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई. उन्होंने अभिमन्यु ईश्वरन के साथ पहले विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी की. हालांकि, 15 वर्षीय ओपनर दूसरी पारी में अर्धशतक से चूक गया. उन्होंने 43 गेंदों में 40 रन बनाए. सूर्यवंशी पहली पारी में शतक से चूके थे. अभिमन्यु ने 55 गेंदों में 24 रन जोड़े, जिसमें एक सिक्स है. उन्हें हर्ष दुबे ने 19वें ओवर में आउट किया. विराट सिंह (34 गेंदों में 12) को 27वें ओवर में दुबे ने पवेलियन भेजा. कुमार कुशाग्र ने 40 गेंदों में दो चौकों के जरिए 22 रन जोड़े. उन्हें दुबे ने 33वें ओवर की तीसरी गेंद पर यश को कैच कराया. उन्होंने अगली गेंद पर अनुकूल रॉयल (0) को बोल्ड किया.

तिलक वर्मा ने संकट में जड़ा शतक

साउथ जोन के कप्तान तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी की. उन्होंने 250 गेंदों में 9 चौकों के जरिए नाबाद 116 रन बनाए. साउथ जोन ने 80 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद तिलक ने बखूबी मोर्चा संभाला. उन्हें श्रेयस गोपाल (87) का अच्छा साथ मिला. दोनों ने छठे विकेट के लिए 175 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला. तिलक की संयमित बैटिंग का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपनी पारी का पहला चौका 154वीं गेंद पर लगाया. तिलक और गोपाल की पार्टनरशिप को अर्शदीप सिंह ने तोड़ा.

पाक ने थाईलैंड को 35 रन से हराया

मुनीबा की मारी फिफ्टी और सादिया ने की घातक गेंदबाजी



दुबई , 01 सितम्बर. महिला एशिया कप 2026 में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए थाईलैंड को 35 रन से हरा दिया. दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-ए के मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 119 रन बनाए.

जवाब में थाईलैंड की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 84 रन ही बना सकी. इस जीत के साथ पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण दो अंक हासिल कर अपने आगे के मुकाबलों के लिए मजबूत शुरुआत की. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और टीम ने शुरुआती ओवरों में विकेट गंवाए. हालांकि सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने एक छोर संभालते हुए शानदार अर्धशतक जड़ा. उन्होंने 52 गेंदों में 54 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. पाकिस्तान की अन्य बल्लेबाजों को थाईलैंड की अनुशासित गेंदबाजी के सामने खुलकर खेलने का अधिक मौका नहीं मिला, जिसके कारण टीम 119 रन तक ही पहुंच सकी.

एक नजर में



ऑस्ट्रेलिया ए टीम में पहुंचे हैंड्सकॉम्ब-कोंस्टास

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत-ए के खिलाफ होने वाली दो चार दिवसीय और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया-ए टीम की घोषणा कर दी है पीटर हैं. हैंड्सकॉम्ब और सैम कोंस्टास को ऑस्ट्रेलिया ए टीम में जगह मिली है इससे उनके टेस्ट करियर को एक और मौका मिल सकता है टीम में ब्रेंडन डॉगेट और झाई रिचर्डसन भी हैं .ऑस्ट्रेलिया ए इस महीने के आखिर में दौरे के चार दिवसीय मैचों के लिए पुडुचेरी जाएगी, जिसके बाद तीन 50-ओवर के मैच होंगे पहला चार दिवसीय मुकाबला 22 से 25 सितंबर को खेला जाएगा वहीं, दूसरा मुकाबला 29 सितंबर से दो अक्तूबर को होगा. वहीं, तीन 50 ओवर के मुकाबले छह अक्तूबर, नौ अक्तूबर और 11 अक्तूबर को खेले जाएंगे भारत ए के खिलाफ सीरीज बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले दौरे पर आ रहे कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पास सीनियर टीम में जगह बनाने का यह मौका है हालांकि, दौरे के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने किसी के नाम के आगे कप्तान नहीं लगाया है ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि कौन सीरीज में अगुआई करता है 35 साल के हैंड्सकॉम्ब चार दिन की टीम में सबसे उम्रदराज और सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं.

नाहिद राणा एशियन गेम्स में नहीं खेलेंगे



ढाका. बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि वे जापान में सितंबर के मध्य से होने वाले एशियन गेम्स के लिए नाहिद राणा पर विचार नहीं कर रहे हैं. राणा, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में हुई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में साइड स्ट्रेन की चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, ने छह हफ़्ते के ब्रेक के बाद सोमवार को बीसीबी अकादमी परिसर में नेट्स पर बॉलिंग की. ज़िम्बाब्वे दौरे के दौरान लगी चोट के कारण ब्रेक के बाद, बांग्लादेश के तेज़ गेंदबाज़ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं. नेट्स पर बॉलिंग शुरू करने के बावजूद, बीसीबी के मुख्य चयनकर्ता हबीबुल बशर ने सोमवार को क्रिकबज़ को बताया कि वे उनके साथ कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं और इसलिए, वह सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं लेंगे. राणा अक्टूबर में होने वाली अफ़ग़ानिस्तान सीरीज़ को ध्यान में रखते हुए अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे. हबीबुल ने कहा, 'हम रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया के कारण एशियन गेम्स के लिए नाहिद राणा पर विचार नहीं कर रहे हैं.' उन्होंने आगे कहा, 'वह (राणा) अफ़ग़ानिस्तान सीरीज़ के साथ वापसी करेंगे. यह देखना बाकी है कि वह टेस्ट खेलेंगे या वनडे. लेकिन यह 100 प्रतिशत पक्का है कि वह एशियन गेम्स में नहीं खेलेंगे.

मिस्बाह ने चयनकर्ता पद से दिया इस्तीफा



इस्लामाबाद. इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद पाकिस्तान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने पाकिस्तान पुरुष चयन समिति पद से इस्तीफा देने की पेशकश कर दी है मिस्बाह ने यह कदम तब उठाया है जब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टेस्ट टीम में और कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा था जिससे टीम तीन मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़ गई है . पीसीबी ने अप्रत्याशित फैसला लेते हुए इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट से पहले अपनी टेस्ट टीम के सात खिलाड़ियों को स्वदेश वापस बुला लिया और उनकी जगह सात नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया था मोहम्मद रिजवान, इमाम उल हक, सलमान अली आगा, अली उस्मान, आमिर जमाल, मुहम्मद अवैस जफर और खुर्रम शहजाद को टीम से रिलीज कर दिया गया है बोर्ड ने मुख्य कोच सरफराज अहमद और गेंदबाजी कोच उमर गुल को भी पद से हटा दिया उनकी जगह क्रमश : माइक हेसन और एएले नॉपके को नियुक्त किया गया है तीसरा और अंतिम टेस्ट नौ सितंबर से खेला जाना है टीम में शामिल किए गए सात नए खिलाड़ी साइम अयूब, अब्दुल्ला फजल, अराफात मिन्हास, साद बेग, मुहम्मद रंधावा, रजाउल्लाह और मुहम्मद इमरान जूनियर हैं.

साई क्षेत्रीय केंद्र क्षेत्रीय निदेशक बने प्रशांत



गांधीनगर. भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने प्रशांत सिंह को क्षेत्रीय निदेशक, साई क्षेत्रीय केंद्र गांधीनगर नियुक्त किया गया है. सिंह गुजरात और राजस्थान में साई की क्षेत्रीय गतिविधियों एवं कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे. लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मूल निवासी प्रशांत सिंह को खेल प्रशासन के क्षेत्र में 10 वर्षों से अधिक का अनुभव है. उन्होंने खेल नीति एवं योजनाओं के कार्यान्वयन, खिलाड़ी विकास, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों, खेल विज्ञान एवं खिलाड़ी सहायता प्रणालियों, खेल संचार, जनसंपर्क तथा संस्थागत विकास सहित खेल क्षेत्र के विभिन्न आयामों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं. सिंह खेलो इंडिया योजना की शुरुआत से ही इससे जुड़े रहे हैं और वर्ष 2018 में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया स्कूल गेम्स के आयोजन एवं क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

वैभव सूर्यवंशी ने पहली चार गेंदों पर जड़ी बाउंड्री

यश ठाकुर की गेंद पर गंवा बैठे विकेट



नई दिल्ली, 01 सितम्बर सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन के बीच दलीप ट्रॉफी का सेमीफाइनल मुकाबला खेला जा रहा है.

ईस्ट जोन के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले की दूसरी पारी में अर्धशतक से चूक गए हैं वैभव ने यश ठाकुर को अपने निशाने पर लिया उनकी पहली चार गेंदों पर बाउंड्री लगाई लेकिन पांचवीं गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे बंगलूरू के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे इस मुकाबले के तीसरे दिन सेंट्रल जोन ने ईस्ट जोन के सामने 159 रनों का लक्ष्य रखा है. वैभव ने इस दौरान संभलकर खेलना शुरू किया उन्होंने आठवें ओवर की पहली गेंद पर आर्यन पांडे को छक्का जड़ा मैच की बात करें तो ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन ने पहली पारी में एक समान 266 रन बनाए सेंट्रल जोन की दूसरी पारी तीसरे दिन 158 रन पर ऑलआउट हुई जिससे ईस्ट जोन को 159 रनों का लक्ष्य मिला है.

वैभव ने ईस्ट जोन को दिलाई अच्छी शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने ईस्ट जोन को अच्छी शुरुआत दिलाई और लय में नजर आए वैभव ने 43 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 40 रन बनाए वैभव भले ही यश ठाकुर का शिकार बने, लेकिन आउट होने से पहले उन्होंने यश ठाकुर को अपने निशाने पर लिया वैभव ने यश की पहली चार गेंदों पर बाउंड्री लगाई. उन्होंने पहली गेंद पर चौका, दूसरी पर छक्का और अगली दोनों गेंदों पर चौके जड़े लेकिन वह तेजी से खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे यश की गेंद पर रजत पाटीदार ने वैभव का शानदार कैच पकड़ा वैभव ने अभिमन्यू ईश्वरन के साथ मिलकर पारी की शुरुआत की.

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में सैमसन और बुमराह की वापसी



मुंबई, 01 सितम्बर. संजू सैमसन की फिर से भारतीय टीम में वापसी हुई है. ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ हुई टी 20 सीरीज़ के दौरान सैमसन को टीम में शामिल नहीं किया गया था.

सैमसन के अलावा अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने भी वापसी की है. चोट से वापसी कर रहे नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा का चयन फ़िटनेस के अधीन है. भारत ने अपना पिछली टी20 सीरीज़ ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ खेली थी. उस दल में से प्रिंस यादव, मयंक यादव, हर्ष दुबे, प्रभसिमरण सिंह और रिंकू सिंह को टीम में जगह नहीं मिली है.

टीम में युवा बल्लेबाज़ वैभव सूर्यवंशी ने अपनी जगह को बरक़रार रखा है. वहीं विकेटकीपर के रूप में सैमसन के अलावा इशान किशन भी टीम का हिस्सा हैं. ऑलराउंड विभाग में अक्षर के अलावा शिवम दुबे भी शामिल हैं. जबकि स्पिन विभाग की ज़िम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के कंधों पर होगी.

दानिश कनेरिया ने पाक खिलाड़ियों को लताड़ा

इस्लामाबाद, 01 सितम्बर पाकिस्तान क्रिकेट टीम एक बार फिर से अपने खराब प्रदर्शन की वजह से चर्चा में है बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड में है शुरुआती दो टेस्ट गंवाकर पाकिस्तान सीरीज में 2-0 से पीछे है.



सीरीज हारने के बाद पाकिस्तान टीम और मैनेजमेंट फिर से सवालों घेरे में है पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स अपनी टीम और मैनेजमेंट पर नर्मी बरतने के मूड में नहीं हैं टीम के दो पूर्व खिलाड़ी दानिश कनेरिया और मोहम्मद यूसुफ ने जमकर निशाना साधा है पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर कनेरिया का कहना है कि पिछले 70 साल में उन्होंने पाकिस्तान टीम की ऐसी दुर्दशा नहीं देखी.

फेडरर को मिली 'हॉल ऑफ फेम' की रिंग



न्यूयॉर्क, 01 सितंबर. रोजर फेडरर सोमवार रात यूएस ओपन में अपनी इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ़ फ़ेम रिंग लेने के लिए लौटे.


इससे ठीक दो दिन पहले उन्हें न्यूपोर्ट में हॉल ऑफ़ फ़ेम में शामिल किया गया था. इस स्विस दिग्गज को पूर्व अमेरिकी खिलाड़ी और ब्रॉडकास्टर मैरी कैरिलो के साथ शामिल किया गया. यह उनके शानदार करियर में एक और सम्मान था, जिसमें उन्होंने 20 मेजर ट्रॉफ़ी सहित 103 टूर-लेवल खिताब जीते हैं. फेडरर एटीपी रैंकिंग में 310 हफ़्तों तक नंबर 1 रहे. इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ़ फ़ेम की को-प्रेसिडेंट और 2017 में शामिल हुईं किम क्लाइस्टर्स ने आर्थर ऐश स्टेडियम में फेडरर को उनकी रिंग दी. रिंग पहनने के बाद, फेडरर ने भीड़ को दिखाने के लिए अपना हाथ ऊपर उठाया और फिर हवा में मुक्का लहराया, जिससे स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा.

न्यूयॉर्क वापस आकर बहुत अच्छा लगा : फेडरर

पांच बार के यूएस ओपन चैंपियन फेडरर ने कहा, 'न्यूयॉर्क वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है. यह यात्रा, पिछले मंगलवार को दिग्गजों के साथ यहाँ खेलना, और न्यूयॉर्क में हमेशा मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देने का मौका मिलना - यह सब बहुत शानदार रहा है... इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ़ फ़ेम में शामिल होने से मुझे उन सभी अद्भुत लोगों को याद करने का मौका मिला जिन्होंने इस सफ़र में मेरी मदद की, उस खेल को याद करने का मौका मिला जिसे मैं बहुत प्यार करता हूँ और जिसने मुझे इतना कुछ दिया है.'

रणजी : सिद्धेश लाड बने मुंबई के कप्तान

मुंबई, 01 अगस्त. अनुभवी मध्यक्रम बल्लेबाज़ सिद्धेश लाड आगामी रणजी ट्रॉफ़ी सत्र में शार्दुल ठाकुर की जगह मुंबई के कप्तान होंगे, जबकि सफ़ेद गेंद के घरेलू टूर्नामेंटों में उपलब्धता के आधार पर श्रेयस अय्यर या सूर्यकुमार यादव टीम की कमान संभालेंगे. 34 वर्षीय लाड को दबाव में शांत रहने और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता के कारण नया कप्तान चुना गया है.



वह 2022-23 सीज़न में गोवा से जुड़े थे, लेकिन एक साल बाद मुंबई लौट आए. 2023-24 में अनिवार्य एक साल का कूलिंग ऑफ़ पीरियड पूरा करने के बाद उन्होंने 2024-25 में फिर से मुंबई टीम में वापसी की. लाड ने पिछले रणजी ट्रॉफ़ी सीज़न में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने आठ मैचों में 77.40 की औसत से 774 रन बनाए, जिसमें पांच शतक और एक अर्धशतक शामिल था.

34 वर्षीय ठाकुर को उनके कार्यभार के प्रबंधन के लिए कप्तानी से हटाया गया है. मुंबई प्रबंधन उन्हें लाल गेंद की टीम के प्रमुख तेज़ गेंदबाज़ के रूप में अधिकतम उपयोग करना चाहता है.

लगातार दूसरे सीजन मुंबई रणजी ट्रॉफ़ी में नए कप्तान के साथ उतरेगी. 2025-26 सत्र से पहले ठाकुर ने अजिंक्य रहाणे की जगह कप्तानी संभाली थी. रहाणे ने जुलाई में अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी. उन्होंने 2023-24 में विदर्भ को फ़ाइनल में हराकर मुंबई को रिकॉर्ड 42वां रणजी ट्रॉफ़ी खिताब दिलाया था. मुंबई सफ़ेद गेंद के क्रिकेट में भी अपने नेतृत्व विकल्पों का पूरा उपयोग करना चाहती है.

उन्नति हुड्डा पहले राउंड में बाहर

शेनझेन. भारत की उभरती हुई शटलर उन्नति हुड्डा मंगलवार को शेनझेन में महिला सिंगल्स के पहले राउंड में कोरिया गणराज्य की दुनिया की नंबर 12 किम गा-यून से हारने के बाद चाइना मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं. दुनिया में 25वें नंबर की 18 साल की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शेनझेन स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में 37 मिनट में 21-10, 21-18 से हार गईं. किम गा-यून ने पहले गेम में 4-0 की बढ़त बनाई और गेम के बीच में अपनी बढ़त को 11-3 कर लिया. अनुभवी कोरियाई खिलाड़ी ने ब्रेक के बाद भी कंट्रोल बनाए रखा और पहला गेम आराम से जीत लिया.



लाबुशेन हुए ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम से बाहर

मेलबर्न, 01 सितम्बर. मार्नस लाबुशेन को ज़िम्बाब्वे और दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ होने वाली वनडे सीरीज़ के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर कर दिया गया है. इस बीच उन्हें टेस्ट टीम में अपनी जगह के बारे में फ़ैसला होने का इंतज़ार भी है.

लाबुशेन ने जून में पाकिस्तान और बंगलादेश के दौरों पर संघर्ष किया था, हालांकि बंगलादेश के ख़िलाफ़ दूसरे वनडे में बल्लेबाज़ी क्रम में नीचे भेजे जाने के बाद उन्होंने नाबाद 55 रन बनाए थे.

लेकिन ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श की वनडे टीम में वापसी और चयनकर्ताओं के युवा खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाने के कारण लाबुशेन टीम से बाहर हो गए हैं. दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ टेस्ट सीरीज़ के लिए टीम की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी. इस दौरे पर जोएल डेविस के वनडे डेब्यू करने की संभावना है. न्यू साउथ वेल्स के इस ऑलराउंडर ने इस साल की शुरुआत में बंगलादेश के ख़िलाफ़ टी 20 सीरीज़ में प्रभावित किया था.

जॉश हेज़लवुड दोनों वनडे सीरीज़ में खेलेंगे

ऑस्ट्रेलिया के आधिकारिक वनडे कप्तान पैट कमिंस और उनके साथी तेज़ गेंदबाज़ मिचेल स्टार्क दक्षिण अफ़्रीका में टीम से जुड़ेंगे, वहीं जॉश हेज़लवुड दोनों वनडे सीरीज़ में खेलेंगे. ज़िम्बाब्वे में मार्श टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि दक्षिण अफ़्रीका में वह और कमिंस कप्तानी की ज़िम्मेदारी साझा करेंगे. यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कमिंस कितने मैच खेलते हैं. ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरे के लिए अपने तेज़ गेंदबाज़ी विकल्पों को मज़बूत करते हुए स्पेंसर जॉनसन और बिली स्टेनलेक को भी टीम में शामिल किया है.

टी20 सीरीज बड़ा स्कोर खड़ा कर साउथ अफ्रीका मजबूत

अफ्रीका ने ठोके 185 रन, जिम्बाब्वे दबाव में

विंडहोक, 1 सितंबर. नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड पर साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच त्रिकोणीय टी20 सीरीज के चौथे मुकाबले में रोमांच चरम पर है. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में 185 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया.



जवाब में जिम्बाब्वे की टीम लक्ष्य का पीछा कर रही है. 2.3 ओवर के बाद जिम्बाब्वे का स्कोर 23 रन पर एक विकेट है और उसे जीत के लिए 163 रन की जरूरत है. जिम्बाब्वे की ओर से ब्रायन बेनेट 13 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं. शुरुआती चरण में टीम का रन रेट 9.20 है. जिम्बाब्वे के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती विकेट बचाते हुए जरूरी रन रेट बनाए रखना होगी. 186 रन के लक्ष्य का पीछा करने के लिए टीम को अगले कुछ ओवरों में तेजी से रन जुटाने होंगे. साउथ अफ्रीका की टीम पहले ही एक बार इस सीरीज में जिम्बाब्वे को मात दे चुकी है.

उस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे के 144/8 के जवाब में 13.4 ओवर में 146/3 बनाकर सात विकेट से जीत दर्ज की थी. मौजूदा मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 185 रन बनाए हैं. अब उसकी नजर गेंद से जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने और लक्ष्य का बचाव करने पर होगी. वहीं जिम्बाब्वे को अपनी पिछली भिड़ंत की तुलना में इस बार बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी.